प्रादेशिक समाचार
दिनांक–05.10.2023 (सवेरे– 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रवर्तन निदेशालय के समन पर ईडी कार्यालय नहीं गए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उच्च न्यायालय में दायर याचिका पर कल होगी सुनवाई।
2. विशेषाधिकार हनन के मामले में झारखंड के गृह सचिव, आइजी मानवाधिकार और डीएसपी प्रमोद मिश्रा आज राज्यसभा सचिवालय में रखेगें अपना पक्ष।
3. रांची में कार्डिनल तेलेस्फोर पी. टोप्पो का निधन, मसीही समाज में शोक की लहर, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने जताया शोक।
4. लगातार हो रही बारिश से राज्य की कई नदियां उफान पर, आज भी भारी बारिश का अनुमान।
5. क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 का आज से आगाज, पहला मैच इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।

*********************

प्रवर्तन निदेशालय के समन के खिलाफ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की दायर याचिका पर उच्च न्यायालय में आज सुनवाई होगी। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ इस मामले की सुनवाई करेगी। हेमंत सोरेन ने ईडी के समन को अवैध बताते हुए हाईकोर्ट में चुनौती दी है। पांचवें समन पर भी कल मुख्यमंत्री ईडी कार्यालय नहीं गए। पत्र के माध्यम से उन्होंने ईडी को लिखा है कि समन को याचिका के माध्यम से हाईकोर्ट में चुनौती दी है। मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इसलिए कोई कार्रवाई नहीं करने का आग्रह किया है।

*********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना के शेष कार्यों को संशोधित दो हजार चार सौ तीस करोड़ की लागत से पूरा करने के लिए जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के एक प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दे दी है। शेष कार्य पूरा होने पर, यह परियोजना झारखंड और बिहार के चार सूखाग्रस्त जिलों में बयालिस हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र को अतिरिक्त वार्षिक सिंचाई प्रदान करेगी। उल्लेखनीय है कि उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना एक अंतर–राज्यीय प्रमुख सिंचाई परियोजना है। इसकी कमान क्षेत्र बिहार और झारखंड में है।

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज जोधपुर में सड़क, रेल, विमानन, स्वास्थ्य और उच्च शिक्षा जैसे क्षेत्रों में लगभग पांच हजार करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। वह एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री जोधपुर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में 350 बिस्तरों वाले ट्रॉमा सेंटर और क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री एक हजार 135 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनाया गया आईआईटी जोधपुर का अत्याधुनिक परिसर भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

*********************

पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह के आदेश के बाद डीएसपी पीके मिश्रा को प्रशिक्षण कार्यों से हटा दिया गया है। पुलिस मुख्यालय ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में कहा है कि सीटीसी मुसाबनी में डीएसपी पीके मिश्रा को प्रशिक्षण में अनियमिताओं के आरोप में तत्काल प्रभाव से प्रशिक्षण कार्यों से विमुक्त किया जाता है। उल्लेखनीय है कि विशेषाधिकार हनन के मामले में राज्यसभा ने झारखंड के गृह सचिव, आइजी मानवाधिकार और डीएसपी प्रमोद मिश्रा को नोटिस भेजा है। तीनों ही पदाधिकारियों को छह अक्टूबर को राज्यसभा सचिवालय में उपस्थित होकर पक्ष रखने का निर्देश दिया है। इस मामले में डीएसपी प्रमोद मिश्रा विशेषाधिकार हनन के आरोपित हैं।

*********************

लंबे समय से बीमारी से जूझ रहे कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो का कल निधन हो गया। 84 वर्षीय टोप्पो ने मांडर के कांस्टेंट लिवंस हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली। उन्हें मंगलवार को यहां भर्ती किया गया था। उन्हें

वेंटिलेटर पर रखा गया था। उनके निधन पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमत्री हेमंत सोरेन समेत कई हस्तियों ने शोक के जताया है। अस्पताल के निदेशक फादर जॉर्ज ने बताया कि फेफड़े में पानी भर गया था, जिस कारण उन्हें सांस लेने में परेशानी हो रही थी। आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो ने कहा की कार्डिनल के निधन से मसीही समाज को अपूरणीय क्षति हुई है।

*********************

गोड्डा जिले में सरकारी राशन दुकानों के विरूद्ध अनेकों शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इसे लेकर गोड्डा के उपायुक्त ने जांच के आदेश दिए हैं।

*********************

राजधानी रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में आज सुबह से रूक–रूककर भारी बारिश हो रही है। वहीं पिछले चौबीस घंटे के दौरान कोल्हान, संताल और पलामू प्रमंडल समेत राज्य के कई इलाकों में भारी बारिश हुई है। वहीं दूसरी ओर आज से अगले तीन दिनों तक रूक–रूक कर बारिश होती रहेगी।

*********************

गढ़वा के दानरो नदी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरे युवक को सीआरपीएफ की तत्परता से बचाया गया। घटना के संबंध में बताया गया कि दोनों दानरो नदी स्थित सीआरपीएफ कैंप के पास नदी में नहाने गए थे। दोनों फिसल कर गहराई में चले गए।

*********************

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली और झालसा रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी ने विचाराधीन कैदियों से संबंधित यूटीआरसी की पहली बैठक कल हुई। यूटीआरसी ने इसकी सिफारिश की है। बैठक में प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश, उपायुक्त लोकेश मिश्र, पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, डालसा सचिव मनोरंजन कुमार, कारा अधीक्षक, लोक अभियोजक, एलएडीसी के सभी सदस्य मौजूद थे।

*********************

सरायकेला में जिला स्तरीय तंबाकू नियंत्रण समन्वय समिति की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त नें सार्वजनिक स्थलों पर तम्बाकू सेवन पर रोक लगाने, स्कूलों के सौ गज के दायरे में तम्बाकू बिक्री पर रोक और 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चो को तम्बाकू बिक्री ना करने, को लेकर विशेष जांच अभियान चलाने के निर्देश दिये।

*********************

रामगढ़ उपायुक्त ने जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, रोजगार, मुआवजा राशि, स्वास्थ्य, विभिन्न विकास कार्यों, योजनाओं के लाभ सहित अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया।

*********************

गोड्डा जिले के ठाकुरगंगटी प्रखंड में कल महागामा विधायक दीपिका पांडे सिंह, संथाल परगना पुलिस उप–महानिरीक्षक सुदर्शन मंडल, उपायुक्त गोड्डा जिशान कमर और पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीना द्वारा संयुक्त रूप से नवनिर्मित थाना भवन का उद्‌घाटन किया गया। विधायक श्रीमती दीपिका पांडे ने बताया गया कि नवनिर्मित थाना भवन बनने से नजदीकी क्षेत्र में विधि व्यवस्था कायम रखने में मदद मिलेगी। पुलिस उप–महानिरीक्षक ने कहा कि पुलिस और पब्लिक के बीच आपस में सहयोग की भावना होनी चाहिए।

*********************

क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 का पहला मैच आज इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत का पहला मुकाबला 8 अक्टूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया से होगा। भारत की मेजबानी में देश के दस शहरों में पैंतालिस दिनों तक टूर्नामेंट खेला जाएगा। सभी टीमें भारत पहुंच चुकी हैं।

*********************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

राज्य से प्रकाशित होनेवाले अधिकांश अखबारों ने पांच समन के बाद भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की इडी कार्यालय नहीं जाने, एशियाई खेलों में पहली बार भारत के अस्सी पदक जितने और कार्डिनल तेलेस्फोर टोप्पो के निधन की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है– हेमंत सोरेन नहीं गए इडी ऑफिस झारखण्ड हाइकोर्ट में छह को सुनवाई।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– 5 वें समन पर भी ईडी ऑफिस नहीं पहुंचे सीएम, अब कोर्ट जाने की तैयारी में इडी।

हिन्दुस्तान एशियाई खेलों की सुर्खी बनाते हुए लिखता है– पहली बार भारत अस्सी पदकों के पार पहुंचा।

दैनिक जागरण कार्डिनल तेलेस्फोर टोप्पो के निधन पर लिखता है – एशिया के पहले आदिवासी कार्डिनल तेलेस्फोर पी. टोप्पो नहीं रहे, शोक की लहर।

हिन्दुस्तान टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया ने सिक्किम में बादल फटने के बाद बाढ़ से आयी तबाही की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

*****************